AL KHOZAMA INTERNATIONAL SCHOOL,DAMMAM

Affiliated to CBSE – New Delhi, No:5730019

Half Yearly Examination (2017 -2018)

Subject: HINDI

Date: 08/06/2017 **Set: B** **Time: 2 ½ Hours**

Class: 7 **Max. Marks: 80**

<u>Instructions to the Candidates:</u>

1. Please check that this question paper contains all the printed pages
2. All answers must be written in the provided answer sheet
3. Read each question carefully and follow the instruction
4. Do not write anything in the margin.
5. Do not exceed the prescribed word limit while answering the questions.
6. Do not spilt sections.

खंड (क) 10 m

प्रश्न-1. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिएः

नारी को अर्धांगिनी और सहचरी कहा गया है| अतः सावित्री और सीता जैसी नारियाँ सुख-दुःख दोनों में अपने पति का समान सहयोग देती हैं| सावित्री जैसी पतिव्रता ने अपने पति को यमराज से छुड़ाया| ऐसी नारियाँ सर्वत्र पूजनीय रही हैं| कभी-कभी विकट स्थिति में मित्र कुमित्र बन जाते हैं| संपूर्ण संसार शून्य दृष्टिगोचर होता है, इन्द्रियाँ कार्य नहीं करती, हृदय पाप की ओर भागने लगता है और व्यक्ति अपने धर्म को छोड़कर कुकर्म करने लगता है | अतः वह बड़ा दुखदायी होता है |जहाँ पर आपत्तिकाल इतना दुखदायी है, वहाँ वह आदमी की पहचान भी करा देता हैं| जिस प्रकार अग्नि में पढ़कर सोना खरा बन जाता है, उसी प्रकार आपत्ति एवं निर्धनता में जो व्यक्ति अपनी ईमानदारी का परिचय देता है , वह मानव क्या देवता कहलाने का अधिकारी बन जाता है| स्वतः की परीक्षा के साथ ही यह आपत्तिकाल धीरज ,धर्म, मित्र, और पत्नी के परीक्षा का काल है | सुख-सम्पन्नता में तो प्रत्येक व्यक्ति अपना बनने का प्रयास करता है |

1.किसने अपने पति को यमराज से छुड़ाया था **(1M)**

(i)सीता ने **(ii)**सावित्री ने **(iii)**यशोदा ने **(iv)**देवकी ने

2.संपूर्ण संसार कैसा होता है **(1M)**

(i)सुखमय का**(ii)** दुखमय का **(iii)**धैर्यतास का **(iv)** परीक्षा का

3. नारी को क्या कहा गया है**?** **(1M)**

4. देवता का परिचायक कैसा व्यक्ति बन जाता है**?** **(1M)**

5. अग्नि में पढ़कर क्या खरा बन जाता है**?** **(1M)**

6. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक बताइये**?** **(1M)**

7. देवता का परिचायक **(**अधिकारी**)** कौन व्यक्ति बन जाता है**?** **(2M)**

8. किसकी परीक्षा के साथ आपत्तिकाल किसका काल है**?** **(2M)**

खंड (**ख**) **(**20 **M)**

प्रश्न**-1.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए **(5M)**

दाह

टपका देना

मसखरा

प्रीपेड

नियामत

प्रश्न**-2.** दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए **:** **(5M)**

जीवन

टेढ़ी

सस्ती

फायदा

अँधेरा

प्रश्न-**3.**निम्निलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : **(2M)**

योजना

खुशबू

कम्युनिकेशन

दुश्मन

प्रश्न-**4.**निम्निलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिये: **(4M)**

अँधेरा

रंगभरी

शब्दों

बच्चों

प्रश्न-**5.**निम्निलिखित शब्दों में से विशेषण शब्दों को छाँटकर उनके भेदों के नाम लिखिए: **(4M)**

खस्ता कचौड़ी

यह पुस्तक

न्याय प्रिय राजा

बुद्धिमान बालक

खंड (ग)30m

प्रश्न-1सही उत्तर पर सही का निशान लगाए और गलत के सामने गलत का निशान लगाए: **(1X5=5m)**

(क) आसमान में उगी एक टेढ़ी -सी रंगीन रेखा को इंद्रधनुष कहते है | ( )

(ख) दुःख की घटाओं का अर्थ जीवन के दुखों से है | ( )

(ग) मुर्गा पेड़ और बंदर रिश्तेदार थे | ( )

(घ) ब्लॉग केवल अंग्रेजी भाषा में ही लिखे जा सकते हैं | ( )

(ङ) रोशनी घायलावस्था में भी मेमने को सीने से लगायें थी | ( )

प्रश्न-**2.**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2x5=10m)**

1. दुःख और दाह हम क्यों सहते है?
2. कवि ने लोगों के मन में किस आशा का संचार किया है?
3. बंदर को पकड़ लिए जाने पर उसके साथ कैसा व्यवहार किया गया ?
4. बातचीत के नए साथी कौन कौन से हैं?
5. जुनैद अपनी पत्नी से सीमा पार के बारे में क्या बताता हैं?

प्रश्न-**3.** निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए- **(2.5 x2 = 5m)**

(i) पेड़ को चिढ़ हो रही थी कि उसके इतनी बारिश झेलने के बाद भी बंदर उस पर बोझ बना बैठा है|

(ii) जीवन में इसी तरह
दुःख की घटाओं का अँधेरा हैं,
इसके भी पीछे शायद
रंगो का घेरा हैं|

vb

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2x2.5=5m)**

(क) बातचीत के नए साथी से वर्तमान में हों रहे लाभों को बताईये और इनकी कमियों को भी स्पष्ट कीजए।

(ख)मौसम ख़राब होने पर क्या-क्या हुआ?

प्रश्न-5.निम्निलिखित गद्यांश को ध्यान से पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजए- **(5m)**

शाहीन जानती थी कि गांव के उस कोने में भारतीय जवानों की चौकी है। वे ही गांववालों के सुख-दुख के साथी हैं और उनके भरोसे ही कारगिलवासियों के हौंसले बुलंद हैं। जुनैद जवानों की वीरता के किस्से सुनाता था। नन्ही रोशनी तो अब्बा की बातें बड़ी ध्यान से सुनती थी। इन बातों को सुनकर नन्ही बालिका में नए जोश का संचार हो जाता था। कारगिल की घाटी इन जवानों की ऋणी हो चुकी थी।

(क)- गांववालों के सुख-दुख के साथी कौन हैं ?

(ख)- जुनैद रोशनी को क्या सुनाता था ?

(ग)- शाहीन और जुनैद का रोशनी से क्या रिश्ता था?

(घ)- उपरोक्त गंद्याश किस पाठ से लिया गया है ?

(ड़)- निम्निलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए

वीरता, ऋणी

खंड (घ) (20 M)

प्रश्न-1. वर्षा ऋतु पर 50-60 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए: **(8m)**

प्रश्न-2. छोटे भाई को सफलता में प्रोत्साहन के लिए पत्र लिखिए| **(6m)**

प्रश्न-3. समाचार पत्र -पत्रिका के लिए बालों का शैम्पू **(6m)**

अथवा

टूथ पेस्ट के लिए विज्ञापन तैयार कीजिये